an>

Title: Need to appoint teachers and renovate the dilapidate d buildings of Sanskrit Vidyalayas of Uttar Pradesh.

श्रीमती रेखा वर्मा (धौरहरा) : उपाध्यक्ष महोदय, संस्कृत विद्यालय, मड़िया, जनपद लखीमपुर खीरी में कुल विद्यालयों की संख्या सात है, जिनमें तीन जर्जर विद्यालय हैं। इन विद्यालयों में तीन शिक्षक हैं, उनमें से दो शिक्षक 30 जून, 2015 को रिटायर हो रहे हैं। फिर तीन विद्यालयों पर एक ही शिक्षक रह जाएगा। इन विद्यालयों को बिल्डिंग क्षतिपूर्ति के नाम पर कोई धनराशि उपलब्ध नहीं हो पा रही है। विद्यालय बंद होने के कगार पर हैं। जैसे सीतापुर में बीस विद्यालयों में चार टीचर हैं, हरदोई में 14 विद्यालयों में तीन टीचर हैं, शाहजहाँपुर में 19 विद्यालयों में पांच टीचर हैं। यह स्थिति पूरे प्रदेश के विद्यालयों की है। इन विद्यालयों में शिक्षकों की नियुक्ति की जाए, बिल्डिंगों का जीर्णोद्धार कराया जाए। आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से अनुरोध है कि इन विद्यालयों की जर्जर हालत में सुधार नहीं किया गया तो ये विद्यालय बंद हो जाएंगे।

HON. DEPUTY SPEAKER: Shri Anoop Mishra -- not present.

Shri Balbhadra Majhi.